**Speech For Independence Day In Hindi Pdf**

सभा में मौजूद सभी बड़ो को मेरा प्रणाम, आदरणीय प्रधानाचार्य महोदय और मेरे प्रिय शिक्षक आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं आज आप सभी के सामने आजादी के इस पावन पर्व पर अपने विचार प्रस्तुत करने आई हूं। आज देश ने आजादी के 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं और हम सभी इस स्वतंत्रता के लिए सभी सेनानियों को नमन करते हैं। 15 अगस्त 1947 में भारत को एक आजाद राष्ट्र के रूप में पहचान मिली थी। इस पहचान के लिए देश के सेनानियों ने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया।

यूं तो आजादी का यह उत्सव हर घर में और हर संस्थान में देखने को मिलता है लेकिन नेशनल लेवल पर दिल्ली के लाल किले पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस दिन देश के प्रधानमंत्री लाल किले के प्राचीर से देश के लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हैं और झंडा फहराते हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री देश को संबोधित करते हैं और भाषण देते हैं। भाषण सुनने के लिए लाल किले पर लोगों की भीड़ उमड़ी होती है। साथ ही सेना की टुकड़ियों को प्रधानमंत्री सलामी देते हैं। सेना का बैंड पर इस खास दिन को और खूबसूरत बना देता है।

## इस अंदाज से करें भाषण समाप्त

साथियों आइए हम सभी मिलकर तिरंगे को नमन कर आजादी का यह महोत्सव मनाते हैं और सभी सेनानियों के बलिदान को याद करते हैं। अंत में मैं आप सभी को आजादी के पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं देना चाहती हूं। धन्यवाद! जय भारत! जय हिंद!

**Pdfseva.Com** – Download All Type Pdf File In Our Website.